Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding utilization of MGNREGA funds for constructing of Gaushalas for stray cattles.

श्री हरीश द्विवेदी (**बस्ती**): माननीय सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद ।

सभापति जी, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बस्ती सहित संपूर्ण उतर प्रदेश में छूटा पशुओं से होने वाली समस्याओं की ओर दिलाना चाहूँगा ।

महोदय, छूटा पशुओं की वजह से विशेषकर किसान भाइयों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । ऐसे पशु मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भाइयों की खड़ी फसलों को व्यापक नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिससे किसानों की गाढ़ी कमायी और खून-पसीने की मेहनत बर्बाद होती जा रही है । साथ ही साथ छूटा पशु गली-मोहल्लों से लेकर व्यस्त सड़कों, विशेषकर हाइवे आदि पर दुर्घटना व यातायात जाम का कारण बन रहे हैं । इससे राहगीरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।

अत: उपरोक्त समस्या की गंभीरता को देखते हुए, मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि मनरेगा निधि के अंतर्गत प्रत्येक गाँव में गौशालाओं का निर्माण कर, उनमें छूटा पशुओं के रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों की फसलों का नुकसान होने से बचाया जा सके ।